प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 08.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन के लिए उर्वरकों पर दी 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी; किसानों को मिलेगी राहत।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने चाईबासा ब्लड बैंक मामले में राज्य सरकार से मांगी प्रगति रिपोर्ट; संक्रमित रक्त चढ़ाने को अदालत ने बताया गंभीर अपराध।
3. राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा; ईडी की कार्रवाई को दी गई है चुनौती।
4. सरायकेला में गुरुग्राम हादसे के पीड़ितों को केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने सौंपे सहायता चेक; प्रत्येक परिवार को मिली 40–40 लाख रुपये की राशि।

और

5. रांची के आध्या और वेदांत का भारतीय स्क्वॉश टीम में चयन; चीन में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में दिखाएंगे दम।

****

केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेटिक और पोटेशियम उर्वरकों पर 41 हजार 534 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे किसानों को किफायती दरों पर खाद मिलेगी।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने चाईबासा सदर अस्पताल में बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की पीठ ने इसे गंभीर अपराध बताते हुए राज्य सरकार को जांच की प्रगति पर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

****

टेंडर घोटाला मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। आलम ने निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किए जाने को चुनौती दी है। गौरतलब है कि इंडी ने छापेमारी के दौरान उनके सहयोगियों के ठिकानों से लगभग 32 करोड़ रुपये बरामद किये थे।

****

राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अजय कुमार सिंह ने हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने घोषणा की कि दिसंबर तक 500 बेड का नया अस्पताल शुरू हो जाएगा और जल्द ही सीटी–एमआरआई मशीनें लगेंगी। उन्होंने बताया कि राज्य में 237 नई एंबुलेंस के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

****

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सरायकेला में गुरुग्राम हादसे के शिकार हुए छह मजदूरों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के समन्वय से प्रत्येक पीड़ित परिवार को लगभग 40 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक सौंपे गए।

सरायकेला में श्री सेठ की अध्यक्षता में दिशा की भी बैठक हुई। इसमें सांसद जोबा मांझी और कालीचरण मुंडा समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री ने नल–जल योजना में मिल रही शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को चेतावनी दी कि जल जीवन मिशन में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

****

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय कल से देशभर में पोषण पखवाड़ा के 8वें संस्करण का आयोजन करेगा। पोषण के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक स्वस्थ बच्चा ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर मां और बच्चे के लिए संपूर्ण पोषण सुनिश्चित करने का एक जन आंदोलन है।

****

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज ग्यारह साल पूरे हो गये। 2015 में शुरू हुई इस योजना ने 58 करोड़ से अधिक लोन के माध्यम से 40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि वितरित की है, जिससे करोड़ों छोटे उद्यमी और 12 करोड़ युवा आत्मनिर्भर बने हैं। हजारीबाग के धनेश्वर साव के लिए यह योजना वरदान साबित हुई है। पांच लाख रुपये का ऋण लेकर उन्होंने अपनी छोटी सी दुकान को तीन बड़े प्रतिष्ठानों में बदल दिया है।

****

उधर, गिरिडीह में भी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से लाभुक राजन वर्णवाल ने साढे आठ लाख रुपये का ऋण लेकर सफल व्यवसाय स्थापित किया है।

बैंक ऑफ इंडिया के एल डी एम अमृत चौधरी ने बताया कि जिले में अब तक दो लाख से अधिक लोगों को एक हजार करोड़ से ज्यादा का ऋण देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है।

****

नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आयोजित अंतरमंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने कहा कि कोयले की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और सामान्य आपूर्ति जारी है।

****

रांची में आज से दो दिवसीय एकम संवाद की शुरुआत हुई। सीड द्वारा आयोजित इस मंच पर झारखंड, बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के विशेषज्ञ जलवायु परिवर्तन और संसाधन आधारित अर्थव्यवस्था पर चर्चा कर रहे हैं। पर्यावरणविद जमुना टुडू ने स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

****

राज्य में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मौसम विभाग ने रांची और जमशेदपुर समेत कई जिलों में आज ओलावृष्टि और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अलर्ट

जारी किया है। पिछले 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

****

रांची के उभरते स्क्वॉश खिलाड़ी आध्या बुधिया और वेदांत अग्रवाल का चयन चीन में होने वाली 33वीं एशियन जूनियर इंडिविजुअल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। चेन्नई में आयोजित चयन ट्रायल्स में आध्या ने प्रथम और वेदांत ने चौथा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 20 से 24 मई तक आयोजित की जाएगी।

*******समाप्त*************